अब बुनियादी बात यह है कि किसी मुसलमान भाई को यह अहसास न हो– मैं तो यहां तक कहता हूं कि इबादतगाह ही नहीं, उसकी किसी भी प्रोपर्टी पर हम ट्रेसपास बरदाश्त नहीं कर सकते, हमारा संविधान बरदाश्त नहीं कर सकता। इसी लिये यह बिल यहां लाया गया है। मेरे भाई ने कहा कि रेडटेपिज्म है– रेडटेपिज्म होता है, दूर हो जायेगा, लेकिन दो चार बातें मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं इन के जो केसेज अदालतों में पैंडिग हैं, उन कैसेज में वकील बहुत पैसा खा जाते हैं, इन इबादतगाहों के नाम पर, भगवान के नाम पर, ऐसी भारी फीसें लेते हैं कि एक–एक वकील लखपति और करोड़ पति बन गया है। उन वकीलों को आप ठेकेदार न बनाय। वह वकील तो आज लखपति बन चुके हैं। आप वक्फ के लिए लीगल एडवाइजर मुकर्रर कर दीजिए और उसके लिए उनका फ़ी माह भत्ता सो रुपया तय कर दीजिए। आज तो हर वकील एक एक केस में हजारों

रुपए की मांग करता है। दूसरी बात यह भी है कि आज मुतवल्ली साहब भी वकीलों से मिले रहते हैं। आज गावों के पटवारी की मार्फत, मुतवल्ली और वकीलों की मार्फत एक तरह की ब्लैक-मार्केटिंग चल रही है। आप इन सारी बातों की भी इंक्वायरी करवाइये। और जो एक एक इन्च जमीन हो वह इसी के लिए सर्फ हो, इसकी तरफ आप खास तवज्जह दीजिए।

18 hrs.

एक बात मुझे और अर्ज करनी है कि वक्फ के जो मेंम्बर्स हों वह इन्टेग्रिटी के आदमी होने चाहिए। आज तो लोगों ने एक प्रोफेशन सा बना लिया है और अपनी बड़ी बड़ी जायदादें खड़ी कर ली हैं। ....(**व्यवधान**).....एक बात यह है कि आज जहां जिस जायदाद पर इंस्टीट्यूशन्स वगैरह हों, कोई स्कूल कालेज बन गए हों, वहां पर मैं चाहूंगा कि आप उस जायदाद को 99 वर्ष के पट्टे पर उन के साथ कम्पाउन्ड कीजिए। लेकिन अगर किसी ने जबदस्ती कब्जा कर लिया है तो बरशना नहीं है। अवाम को ही उसका फायदा उठाना चाहिए। लेकिन जो ऐसी पार्टीज हों उनके साथ राजीनामा करके टोकेन प्राइम पर दे दीजिए।

एक बात मुझे और कहनी है कि वे उजड़े हुए आदमी जो कि मशरिकी या मग़रबी पाकिस्तान से आये हुए है, जो कि कम्पेन्सेट नहीं हुए हैं और उन्होंने कोई दुमंजिला या तिमंजिला मकान बना लिया हो तो मैं आपसे अर्ज करूंगा कि ऐसे डिजविंग केसेज में, पेंडिंग केसेज में अदालत के सामने राजीनामा वगैरह करके अगर ठीक कर सके तो वह बहुत अच्छी बात होगी। अदालत में मल्टिप्लिसिटी आफ केसेज नहीं होना चाहिए। आज कोर्ट में हजारों केसेज चल रहे हैं। अगर आप उन केसेज को पर्सुएशन से, बातचीत से या राजीनामे से समाप्त कर सकें तो बहुत अच्छी बात होगी क्योंकि अलावा इस के फिर वही फिरकापरस्ती की हवा मिलती है। मैं चाहूंगा कि आपकी तरफ से यह हुक्म जाना चाहिए कि ऐसे केसेज को राजीनामे से भाई चारे से और बिरादरी के फैसले से जहां तक हो सके तय कर लेना चाहिए। और एक एक चप्पा जमीन का जो कि वक्फ का है वह मालिकान को मिलना चाहिए। इसके अलावा मैं आपसे यह भी दर्खास्त करूंगा कि आप मेहरबानी कर के जल्द से जल्द पब्लिक ट्रस्ट ऐक्ट को लायें ताकि ट्रेसपासिंग के केसेज को दूर किया जा सके।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : सभापति महोदय, आम तौर पर मैं अध्यादेश के खिलाफ हूं लेकिन इसकी अहमियत को देखते हुए मैं समर्थन करना चाहता हूं, इमाम भाई और गयूर भाई ने जब कहा कि इसको पास किया जाये। एक बात इमाम साहब ने कही है कि 31 दिसम्बर, 1970 तक के लिए कहा गया है लेकिन जिस रफ्तार से चीजें चल रही हैं उसमें मुझे शकोशुभा है कि शायद 70 के बादभी दोबारा आपको या तो कोई बिल लाना पड़ेगा या अगर उस समय पार्लमेन्ट का सेशन नहीं चल रहा होगा तो कोई अध्यादेश निकालना पड़ेगा। इसलिए मैं समझता हूं कि अगर मन्त्री महोदय इस चीज को अच्छी तरह से जानते हो, तब तक यह काम होने वाला है, उसके बाद भी एक्सटेंशन की जरूरत होगी तो फिर उसके लिए यह अच्छा होगा कि कोई अमेन्डमेन्ट लाकर इसको 27, 73 या 74 तक रखने की कोशिश करे वरना दोबारा अगर बिल लाने की बात होगी या अध्यादेश लाना पड़ेगा तो उसकी नुक्ताचीनी हो सकती है। लोग यह कहेंगे कि उस वक्त बिल लाने वालों ने दूरन्देशी से काम नहीं लिया।

सभापति महोदय, 15 अगस्त, 1947 को इस देश के टुकड़े हुए थे लेकिन मैं ऐसा विश्वास करता हूँ कि शायद वह दिन दूर नहीं जबकि पाकिस्तान के मेहनतकश अवाम और हिन्दुस्तान के मेहनतकश अवाम एक हो जाय।

[श्री स० मो० बनर्जी]

वह मसनुई दीवार गिर जायेगी। क्योंकि हो नहीं सकता कि मां यहां पर हो और बेटा वहां पर हो, महबूब यहां पर हो और महबूबा वहां पर हो। और यह एक अजीब आंधी जो पाकिस्तान में उठी हुई है, चाहे पूर्वी पाकिस्तान हो या पश्चमी पाकिस्तान हो, एक दिन ऐसा जरूर आयेगा कि जब ये मेहनतकश अवाम, जो जद्दोजहद कर रहे हैं ऐक्सप्लायटेशन के खिलाफ, हम सारे लोग एक हो जायेंगे। वह दिन दूर नहीं है। लेकिन तब होगे जब हुकूमत उन के हाथों में होगी जो मजदूरों और किसानों के नुमायदे हों। हो सकता है कि मैं न होऊं, आप हों, लेकिन हमारी आने वाली औलाद होगी।

मैंने देखा है पाकिस्तात आर्मी के एक बड़े अफसर यहां आये थे और उन्होंने हमारी डिफेंस मिनिस्ट्री से यह ख्वाहिश जाहिर थी कि मैं अपने घर को देखना चाहता हूं। पाकिस्तान का एक अलिशान अफ़सर जिसने हिन्दुस्तान पर गोली चलायी हो, बमबारी की हो, टक लाया हो, और वह कहता है कि मैं अपने गांव को देखना चाहता हूँ। और जब उसने जा कर देखा उस घर को जहां उसके बाप हुक्का पीते थे, और उस पनघट को जहां पर लड़कियां पानी भरती थीं तो वह जोर जोर रोने लगा। वहां पर एक बुढ़िया को देखा उसने, मैं उस अफ़सरों का नाम नहीं लेना चाहता, और वह उस से लिपट कर रोने लगा क्योंकि उसे सिर्फ अपना गांव ही नहीं मिला बल्कि एक मां भी मिल गई थी।

श्री रणधीर सिंह : जनरल उमराव खां उसका नाम था।

श्री स० मो० बनर्जी : जी हां ठीक है, यही नाम था। वह अपने गांव में जा कर रोने लगा सिर्फ इतना ही नहीं कि उसे अपना गांव मिला, बल्कि एक मां भी मिली।

इसी तरह जब बलराज साहनी जब पाकिस्तान में लाहौर गये थे तो वह जार जार रोने लगे यह सोचकर कि आज वह अपने घर में मेहमान बन कर आये हैं। इमामबाड़े और दरगाह की जहां तक बात, मैं कहना चाहता हूँ कि मैं बंगाली हूँ, पंजाब में मेरी पैदायश हुई और उत्तर प्रदेश में पला हूँ, लेकिन आज भी मेरी मां अगर जिन्दा होती और कोई दरवेश अगर दरगाह में होता तो वहां जा कर उस के वहां से खील और पताशे लाकर बच्चों को जरूर बांटती तो मैं कहता हूँ कि आज भी हिन्दू ऐसे करोड़ों है जो दरगाहों में जाते है, मकबरों में जाते हैं, चादर चढ़ाने जाते हैं, अजमेर शरीफ जाते है। यह एक अजीब देश है। उर्दू जानने वालों को अच्छी तरह से मालूम है कि 'है' से हिन्दू और 'मीम' से मुसलमान। दोनों मिला दीजिये तो हम ही हम है।

मुझे अफ़सोस है जब गयूर भाई ने कहा इसी दिल्ली शहर में जहां पर हम भाषण देते है और कहते हैं कि हमारे देश में सेक्यूलरिज्म है, हिन्दू मुसलमान एक है, उसी दिल्ली शहर में अगर मस्जिदों को गिराया गया होगा तो मैं चाहता हूँ कि इस की जांच होनी चाहिये कि कौन है आखिर जो मस्जिदों को गिराता है। क्या इस देश में हिन्दू मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते? मैं चाहता हूँ कि जितने भी इबादतगाह हैं, चाहें मन्दिर हो, मस्जिद हो, गिरजा घर हो या मस्जिद हो उन सब की मरम्मत करायी जाय। क्योंकि इसी शहर की भंगी कौलोनी में बैठ कर गांधीजी एक ही चीज कहते थे कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम', उसको हम लोग माने।

श्री कंवर लाल गुप्त : आप तो कम्युनिस्ट है, रूस में क्या हो रहा है?

श्री स० मो० बनर्जी : रूस में आप मस्जिद तस्वीरें देखें तो हजारों लोगों को नमाज पढ़ते देखियेगा, और उन के साथे पर सजदे के दाग होंगे। इसलिए यहां पर जो हिन्दू राष्ट्र का स्वप्न देख रहे हैं मैं उन से कहना चाहता हूं कि ऐसे हिन्दू राष्ट्र नहीं बनेगा कि हरिजनों के कान में, जो वेद ध्वनि सुने, शीशा डाल दिया जाय और मुसलमानों को कह दिया जाय कि वह पाकिस्तान चले जायें। यह नहीं हो सकता। यहां पर हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, एक साथ रहेंगे। दरगाहों की हिफाजत होगी खानखास की हिफाजत होगी। और अगर किसी ने मकबरे पर मकान बना लिया हो, मान लीजिये कल कोई राजघाट पर मकान बन जाय तो क्या आप उसे रहने देंगे ?

मैं श्री कंवर लाल गुप्त के इस विचार की पूरी तरह से ताईद करता हूं कि वक्फ के मामले में जो भी गड़बड़ियां वगैरह हों वह अवश्य दूर की जानी चाहिए। इसमें 80-85 करोड़ रु० आ रहा है और उसका सही इस्तेमाल होना चाहिए।

साथ ही में श्री गयूर अली खां के भी इस विचार की ताइद करना चाहता हूं कि जहां यह मस्जिदें वगैरह ढ़ाई गई हो, इमामबाड़ों को उठा दिया गया हो या जाये नमाज हटाये गये हों, जहां भी इस तरह की चीजे की गई हों तो उनको दूर होना चाहिए और उनकी दुरुस्ती की जानी चाहिए।

श्री शशि भूषण (खारगौन) : सभापति महोदय, यह एक बहुत अहम मसला है। खास तौर से जब यह विधेयक लाया गया हैं मैं तहेदिल से चाहता हूं कि इस विधेयक को मान लिया जाय लेकिन एक बात का मुझे शक जरूर है जैसा कि हमारे बनर्जी साहब ने भी कहा कि यह दो साल का वक्त बहुत कम है। यहां हमारी अदालतों में जिस प्रकार की देरी होती है फैसले होने में और जो यह हमारा इतना बड़ा देश है उसको देखते हुए यह वक्त बहुत थोड़ा है। इसलिए मैं मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि इसको और ज्यादा वक्त दिया जाय। कारण यह है कि बहुत सी जमीनें ऐसी हैं जो कि बयनामी हैं। वक्फ की जमीनें हैं, हिन्दू का कब्जा है किसी फकीर या गरीब मुसलमान के नाम से तो जितना आप उसके बीच में जायेंगे, ढूंढेंगे तो पता लगेगा कि गरीबी की वजह से कुछ दबाव की वजह से बहुत यह बयानामी के काम मुसलमानों के द्वारा हुए हैं। उस से छुड़ाना भी यह वक्फ का काम होना चाहिए।

इन जमीनों का इस्तेमाल भी बहुत गलत तरीके से हुआ है। मिसाल के लिए मैं आपको बतलाऊं कि जब वह दिल्ली में ओबराय होटल बनने वाला था तो उस वक्त बड़ा शोर हुआ कि यहां कबरिस्तान है यह है और वह है। लेकिन उस के बाद आपस में फैसला हो गया और वह बन गया। एक स्कूल भी वहां बन गया। मैं मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि इस बारे में देखना चाहिए और जो इस प्रकार से जगहों का गलत ढंग से इस्तेमाल होता है उसे रोकने की भी कोशिश करनी चाहिए। अगर ऐसी जगहों का इस्तेमाल हो तो एक सही इस्तेमाल उनका होना चाहिए। जहां यह ओबराय होटल बना है मैं समझता हूं कि अगर वहां पर कोई यतीमखाना वगैरह बनता तो बड़ा अच्छा होता। उस जगह नौजवानों के लिए कोई बड़ा होस्टल बनाते जिस में हिन्दुस्तान भर के गरीब लड़के, हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सब आकर रहते। लेकिन वह ओबराय होटल वहां पर खुला और उसको लेकर जो वहां आये दिन रंगरेलियां मनाई जाती है तो उसके लिए वह गलत थी। ऐसी जगह पर होटल नहीं बनाया जाना चाहिए था जहां कि शराबखाना जैसी चीजें हों। लेकिन जैसा मैं ने कहा वह वहां पर बनीं।

इसी तरह से हिन्दुस्तान भर में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, मिसाल के लिए लखनऊ में मौजूद हैं जहां कि ऐसी जगह सिनेमा बनाया जाने लगता है जहां के लिए शोर होना है कि वह वक्फ है की जमीन है और वहां पर कबरिस्तान

[श्री शशि भूषण]

है लेकिन उसके बाद फिर फैसला हो जाता है और वह सिनेमा ऐसी जगह पर खड़ा हो जाता है। मेरा कहना है कि मिनिस्टर साहब इस चीज को देखें कि ऐसी जगहों पर अगर कुछ बनना है तो उस जगह के हिसाब से एक सही और माकूल चीज बने। मैं तो यह कहूंगा कि अगर उनकी बड़ी पाक नीयत है और इन पाक जगहों को सही तौर पर इस्तेमाल करना चाहते हैं तो मैं दरख्वास्त करूंगा कि वहां पर अस्पताल बनाइये, पब्लिक के राष्ट्र के लाभ के लिए और कोई उपयोगी चीज बनाइये। लेकिन कब्रिस्तान जैसी वक्फ की जमीनों में सिनेमा या होटल बनाना यहां कि शराब पी जाय और रंगरेलियां मनाई जायं तो मैं उससे सहमत नहीं हूं और मैं मिनिस्टर साहब से दरख्वास्त करूंगा कि वह इस बारे में दिलचस्पी लें और इस की कोशिश करें कि ऐसी पाक जगहों का इस तरह से गलत इस्तेमाल न हो।

मैं श्री कंवर लाल गुप्त की इस बात से मुत्तफिक हूं कि शेख अबदुल्ला साहब को वक्फ का चेयरमैन नहीं बनाना चाहिए। जो लोग मस्जिदों और मन्दिरों का सियासत के लिए इस्तेमाल करते हैं उन लोगों को उम जगहों पर हावी नहीं रहने देना चाहिए। अब जैसे शंकराचार्य जी हैं जोकि अपनी गद्दी को राजनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं और चुनाव के वास्ते भूख हड़ताल आदि आन्दोलन किया करते हैं। इसी तरह शेख अबदुल्ला जोकि पहले हिन्दुस्तान के एक बहुत बड़े लीडर थे लेकिन उन दिन से वह हिन्दुस्तान की जनता की निगाहों से गिर गये जिस दिन से उन्होंने मस्जिदों में जाकर सियासत का प्रोपेगेंडा करना शुरू कर दिया। इस लिए ऐसे तमाम लोगों को जोकि इन मस्जिदों और मन्दिरों का इस्तेमाल सियासत के लिए करते हैं उन लोगों को इस वक्फ बोर्ड का चेयरमैन नहीं बनाना चाहिए। चाहे आप की वहां सीमा हो या न हो लेकिन हमें अपना पूरा असर वहां डालना चाहिए।

इस देश में कमाल पाशा की तरह सोचा गया है कि अगर पब्लिक युटिलिटी के लिए किसी कब्रिस्तान, मन्दिर, मस्जिद या चर्च को जनता के काम के लिए इस्तेमाल करना पड़े तो वह झगड़े की जड़ न बने। आज यह होता है कि कहीं पीपल का पेड़ लगा दिया जायेगा, कहीं हनुमान जी की मूर्ति रख दी जायेगी, कहीं कब्र का झगड़ा शुरू हो जायेगा, जिसकी वजह से बड़ी बड़ी सड़कें और रेलवे लाइनें सीधी नहीं निकल सकेंगी। मैं जानना चाहता हूं कि इस तरह की चीजें मुल्क में कब तक चलेंगी? एलेक्शन में उनका इस्तेमाल होता है। मैं चाहूंगा कि वक्फ का बहुत अच्छे तौर पर इस्तेमाल किया जाये और पब्लिक यूटिलिटी के लिए इस्तेमाल किया जाये। जिन लोगों ने उन पर कब्जे कर लिये हैं, मैं चाहूंगा कि वह उनको छोड़ दें।

बहुत से लोग तो इसको बहुत बड़े अधर्म का काम समझते हैं कि किसी मन्दिर में मस्जिद रक्खी जाय या कहीं मस्जिद को मन्दिर में बदल दिया जाये। हरियाणा में बहुत सी ऐसी जगहें हैं जो देवी के मन्दिर हैं लेकिन उनको इबादतगाहों में बदल दिया गया है। मैं समझता हूं कि चाहे मस्जिद हो, चाहें मन्दिर हो या चर्च हो, सयासत के लिए उनका इस्तेमाल किया जाना बहुत गलत है। जिन लोगों ने मस्जिद को मन्दिर में तबदील किया है वह इस लिये नहीं कि वह वहां पूजा करना चाहते हैं, इसलिये नहीं कि उनमें ईश्वर भक्ति है। वह राजनीति के लिए उनका इस्तेमाल करेंगे। इस देश में बौद्ध और जैन सारे एक घर में रहते हैं, यहां बहुत दिनों तक अलग-अलग लोगों में शास्त्रार्थ हुए हैं। बौद्धों और शंकराचार्य का शास्त्रार्थ हुआ है और उसमें माण्डवी ने अपने पति के खिलाफ फैसला दिया है। हमारे देश में हमेशा राष्ट्रीय एकता की भावना रही है। वक्फ के लिये यह समझ लेना कि वह बेकार हैं, उनको पूरा काम करने का मौका न देना, और उसमें सयासी दखल देना बड़ा गलत है।

यहां पर आम तौर से साम्प्रदायिक संस्थाएं हैं और दुर्भाग्य से संविधान के खिलाफ उन्हें वोट मांगने का भी अधिकार है धर्म के नाम पर। मैं उन लोगों से प्रार्थना करूंगा कि वह कम से कम इन चीजों में सयासत का इस्तेमाल न करें। मुल्क में हमें बड़े बड़े काम करने हैं, उनमें सब लोग सहायता करें।

इतना कहकर मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI M. YUNUS SALEEM : Mr. Chairman, I am really very much grateful

to those hon. Members who have supported this Bill. There is now very little for me to say about the subject. Certain hon. Members have raised some points and I will try to offer an explanation in order to satisfy them.

Hon. Member, Shri Mohamed Imam, has thrown some light on the question of institution of suits. According to the figures and data available to us, so far about 20,000 properties have been found to be under illegal possession of different persons and from the last extension, that is, from 14th August 1967 to December 1968, we have been able to institute about 13,500 suits.

Some of the hon. Members have been lawyers and they know what is the minimum cost of litigation today. For the institution of one suit the minimum amount required is Rs. 100 including court fee and everything.

SHRI RANDHIR SINGH : Too less.

SHRI M. YUNUS SALEEM : The difficulty should be appreciated by hon. Members that on the one hand the property is under the unlawful possession of a trespasser and the *wakf* boards do not get any income therefrom, on the other, they are constrained to institute suits against the illegal possessor. According to the law of *wakf*, the income of one *wakf* cannot be spent for the benefit of another *wakf*. That is the difficulty. Therefore on account of the lack of funds there have been difficulties in the way of institution of suits for the *wakf* boards. A colossal amount was required and is still required for the institution of suits.

श्री शशि भूषण : गवर्नमेंट एड क्यों नहीं देती ?

SHRI M. YUNUS SALEEM : We have been trying but the State Governments are reluctant. This is the difficulty. Most of the Governments are not sympathetic towards the administration of *wakf* properties.

श्री शशि भूषण : सेंट्रल गवर्नमेंट एड दिया करे ।

SHRI M. YUNUS SALEEM : We shall consider this point.

These are the practical difficulties but we have not been sleeping over the matter. We have been constantly trying to institute suits wherever it is possible.

Now, some hon. Members, including my hon. friend, Shri Naidu, suggested that certain properties which have gone into the possession of certain persons, where they have constructed buildings, should not be disturbed. We have been trying our best not to disturb poor people and, as far as possible, we compromise. I hope this extension may help us entering into compromise with such persons. But the moment they know that limitation is expiring, they become reluctant to enter into a contract, When they know that limitation has been extended or the suit has been instituted . . . *(Interruptions)*. It is very difficult for the *wakf* Boards to discover whether, deliberately, the transaction was entered into, whether deliberately, knowing that the property belonged to a particular *wakf*, it was purchased or whether it was innocently purchased. It is very difficult to discover that. As a matter of policy, we have made it a point not to disturb the innocent persons and, wherever it is possible, we enter into a compromise. It was suggested by another hon. Member that whenever, on *wakf* properties, schools, colleges, hospitals or orphanages have been established or constructed, they should not be disturbed. We have never disturbed them so far. We have granted lease on nominal rent. A building which could fetch a rental of Rs. 200 or Rs. 300, has been leased on a nominal rent of Rs. 5 or Rs. 10. We do not want to disturb them. We know it is for charitable work. But we have to maintain *wakf* properties at any cost. We shall not be performing our duty if we do away with the properties. Therefore, in such cases, we have been very considerate and have realised that such properties used for public purpose should not be disturbed.

Now, I come to points raised by Shri Kanwar Lal Gupta. He suggested that it was due to the negligence of the Central Government that it was not possible to know as to how many *wakf* boards have completed their survey and how many suits have been filed in the States. I would respectfully, submit that he has been very unkind to us in making such an assessment.

[Shri M. Yunus Saleem]

He would have considered the practical difficulties. I myself have been running from State to State, approaching the Chief Ministers and the Ministers of *Wakf* and requesting them to offer cooperation to the Commissioners to complete the survey. There are practical difficulties. Simply by appointing a Commissioner the problem is not solved, unless he gets help and cooperation from the Collectors, from the Deputy Collectors, from tehsildars, from Municipal Committees, who hold the records. It is not possible for him to complete the survey. The *wakf* properties are not situated in cities only. They are situated in villages also. There are agricultural lands,, graveyards, mosques, Imam Baras, in different localities. In Several cases, *Mutawallies* do not exist. Either they have gone away or they do not care to supervise the properties. In such cases, it is very difficult for a Commissioner to complete the survey. There are practical difficulties to complete the survey without the cooperation of the village officers and revenue officers. They are reluctant in offering the necessary assistance and cooperation to the Commissioners with the result that the survey is not completed. In such case, I myself have tried to contact the State authorities, requesting them to help the Commissioners where they have been appointed and to appoint the Assistant Commissioners where the Assistant Commissioners have not been appointed and to offer every possible help to the Commissioners so that the work of the survey may be completed. The Central Government is taking every possible effort to see thot the survey is completed. The moment the survey is completed, the lists are published in the Official Gazettes and the suits are instituted without any difficulty. As I pointed out, in one year, we have instituted 13,000 suits. It is not a joke to institute 13,000 suits in a year. The practical difficulties have got to be faced. In such cases where, as pointed out by Mr. Kanwar Lal Gupta, certain plots of land were leased out by the Government, claiming the property belonged to the Government the claim has been lodged by the *wakf* Board against the lessee, as the case may be.

In such cases, the hon. Member need not worry because it is really a dispute between Government and the *Wakf* Board. If the matter is finally settled by the court that the property belongs to *Wakf* Board and not to Government, the *Wakf* Board will get the benefit of the property. If ultimately it is decided by a competent court of law that the property belongs to Government, then, of course, the *Wakf* Board would not get the benefit. In such cases if lease has been wrongly granted, then automatically the consequence would follow. . . .

MR. CHAIRMAN : What happens if the property of the *Wakf* Board is leased by Government ?

SHRI M. YUNUS SALEEM : If the property has been leased by Government and a building is constructed, then it will be open for the Government to pay compensation to us and let them continue to occupy the land because it is. . . .

SHRI KANWAR LAL GUPTA: It is a disputed land. It is claimed by the *Wakf* Board that the land belongs to the *Wakf* Board. On the other hand, Government says, it is all right. What should the people do ? That is the problem. Both the authorities are demanding the lease money. We should pay?

SHRI M. YUNUS SALEEM : What I submit is this. If a certain plot of land does not belong to Government and Government officials deliberately lease out that property to some persons and on that plot of land construction has taken place, this is the fault of the Government, and Government has got to face the consequences. They will pay the compensation to the *Wakf* Board according to the market rate or grant them some other land in lieu of that land. But we cannot change the object of the *wakf*. Suppose a person has created a *wakf* for establishing a graveyard and on that, the Government has helped certain persons to construct their houses, we cannot change the object of the *wakf* because it was the intention of the creator of the *wakf* that that plot should be used for graveyard only; we cannot change it. The only alternative will be this. We will say, since you have committed a mistake, give us compensation or a suitable land in lieu

of that land wherever possible, so that that plot may be used for graveyard purposes. In such cases, we shall enter into some sort of adjustment or settlement. But I can assure the House that we are not intending to disturb the persons who have made constructions innocently. That is not our intention and we are not going to do that.

My friend, as usual, has tried to cast reflection on my person. My friend is not aware, perhaps he did not try to understand, he did not even care to read the *Wakf* Act. There are many States in this country where the Act of 1954 is not in force-not only Jummu and Kashmir, but also U. P., Bihar, West Bengal, Bombay and Gujarat. I have been trying to contact the Chief Ministers and the authorities there to request them to provide facilities for the enforcement of the 1954 Act so that there may be uniformity in the administration of the law of *wakf*. With that purpose I had a talk with the Chief Minister of Jammu and Kashmir, and the Chief Minister of Jammu and Kashmir informed me that Mr. Sheikh Abdullah was the Chairman of the *Wakf* Board. I tried to discuss with him as to what are the possibilities of enforcing the Central Act there. We have to consult them. Their consent is necessary because it is a concurrent subject and without the consent of the State it is not possible to enforce the Act. It is not possible to enforce it by issuing a notification in the Official Gazette as in the case of other States. There is no harm in going to Sheikh Abdullah to discuss with him regarding *Wakf* problems of this State. But there are certain persons who are in the habit of attributing motives to the activities of the people. I cannot help them. It is their habit and that of the party which they represent. It is perheps in their programme to do like that. . . .

SHRI RANDHIR SINGH : There is everything wrong with Sheikh Abdullah. There is nothing wrong with you.

श्री कंवर लाल गुप्त : लेकिन आपने एतराज उठाया था कि शेख अब्दुल्ला को क्यों चेयरमैन बनाया गया, इसका आप जवाब दीजिये ।

SHRI M. YUNUS SALEEM : I had no business to raise any objection, till the 1954 Act is enforced in that State. I could informally discussed with him the possibility of enforcing that Act and I was given to understand that when Bakshi Gulam Mohammad handed over charge—he was President of the *Wakf* Board—he got Sheikh Abdullah elected as Chairman of the *Wakf* Board. He was appointed Chairman of the *Wakf* Board during his time. Therefore it was not that the present Chief Minister appointed him or got him elected.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : You approved of it.

SHRI M. YUNUS SALEEM : I am not interested in approving or disapproving. It is for the people of the State to elect anybody.

Another point, Sir. Wherever the 1954 Act is in force, it is the States which constitute the *Wakf* Board-not the Central Government. It is for the State Ministers and Chief Minister who are responsible for the constitution of the *Wakf* Board, if any of them takes it to his head to appoint some person as member of the Board and the Central Government has no jurisdiction or power to interfere in that direction.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : You have interfered in Delhi. I can prove it. I can challange you.

SHRI M. YUNUS SALEEM : Delhi is Centrally-governed State. My hon. friend also knows it. It was the Lieutenant Governor on whose recommendation the *Wakf* Board was constituted. And, the example of Delhi is not applicable to all the States of the country.

Then, Mr. Benerjee has suggested that the extention of two years may not be sufficient. Certain other hon. Members have also shared that view. Certain

[Shri M. Yunus Saleem]

information has been collected so far and I may say, just as I mentioned in my preliminary speech, that the survey of the States are likely to be completed by the middle of 1970 and by that time, I expect that the Public Trusts Bill may be introduced in the parliament. If the Public Trusts Bill is introduced and passed, the question of limitation in such cases may not arise. Therefore, for the time being, I submit, any further extention need not be considered.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : What about the working of the *Wakf* Board ?

SHRI M. YUNUS SALEEM : Working of the *Wakf* Board is according to the Act. Kindly read the Act. You will know about it. So far as the *Wakf* Board is concerned, the members of the *Wakf* Board are to be nominated by the States. The Chairman of the *Wakf* Board is to be elected by the members nominated by the State Government The States have got power to issue directives from time to time regarding the working of the Wakf Board. In certain limited cases. Central Government also has power to issue directives to the State Government, not to the *Wukf* Board. This is the broad scheme ef the working of the *Wakf* Board which is know to everybody who has cared to read the provisions of the Act.

MR. CHAIRMAN : Perhaps he means that you should exercise your moral influence in improving. That is what he means nothing more.

SHRI M. YUNUS SALEEM : That is what we are doing. We are certaintly doing that. We never hesitate in discharging our responsibilities. We are very anxious and we are very much interested in seeing that there is a very competent and efficient supervision over the *Wakf* properties and *Wakf* properties should not be wasted by unscrupulous mutanallies or dishonest trustee or anybody else who may be in possession of the properties. Even in such cases we do not hesitate in advising the State Government to supersede the *Wakf* Board. For example, in Madras, the *Wakf* Board stands superseded; In Andhra Pradesh, it was superseded. Very recently, a new Board has been constituted Therefore, we are doing that. We never hesitate to take action wherever necessary. But there are difficulties. Sometimes, it is vary difficult to convince State Governments Everybody is aware of the behaviour of State Governments these days.

SHRI S. M. BANERJEE : It is true that in the *Wakf* Boards only one community is represented ?

SHRI M. YUNUS SALEEM : According to the provisions of the Act, only a Muslim can be a member. Wherever there are Shias and Sunni *Wakf* properties, they are also appointed as members.

श्री कंवर लाल गुप्त : क्या हिन्दुओं को भी बनायेंगे इसमें ।

श्री शशि भूषण : बाकी लोगों को भी खिदमत का मौका दिया जाय ।

SHRI M. YUNUS SALEEM : Every community should be given freedom to administer its own affairs concerning its properties without any interference.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : This is a secular State. Every community should be asked to manage the affairs of other communities. I am prepared to have Muslims administer Hindu endowments and charitable trusts. Let Muslims do likewise.

श्री शशि भूषण : माननीय कंवर लाल जी हिन्दुओं की तरफ से बोल रहे हैं । शंकराचार्य के घर में कोई हिन्दु नहीं जा सकता है । मुसलमानों की मस्जिद में हिन्दु जा सकता है, लेकिन यह नहीं जा सकते अपने घर में ।

MR. CHAIRMAN : Do not bring in extraneous matters.

SHRI M. YUNUS SALEEM : For that, the articles of the Constitution will require to be amended because it has been provided there that every community will be given opportunity to manage their charitable affairs, educational institutions etc.

SHRI RANDHIR SINGH : Constitution of *Wakf* Act?

SHRI M. YUNUS SALEEM : *Wakf* Act.

A suggestion has been made that graveyards should not be used for construction of cinemas and hotels.I entirely agree. Wherever it was brought to our notice that such construction was being done, we did interfere and have stopped such irregular construction. But where it was not possible, where records were not available and where muthawallies themselves were in collussion with the purchaser of the land for the purpose of such construction, it has not been possible to take action. In a particular case, it went to a court of law and unfortunately, the court decided against the Board.

SHRI RANDHIR SINGH : What about lawyers looting *wakf* money ?

SHRI M. YUNUS SALEEM : That is besides the point. But I assure him that in every *Wakf* Board I have seen that legal advisors are appointed, if necessary more than one, who should be held responsible for conducting cases in courts in the interest of the Board so that the institution of proceedings is not just a simple routine affair but that result also are fruitful.

We are trying to do our best to supervise wherever it is possible; we are trying to appoint the best lawyers, if possible standing counsel also. We are doing everything possible for the efficient management and administration of these properties.

With these words, I move.

MR. CHAIRMAN : Is Shri Goyal pressing his Resolution ?

SHRI SHRI CHAND GOYAL : Yes, sir.

MR. CHAIRMAN : I shall now put the resolution to the vote of the House:

The question is :

> "This House disapproves of the Public *Wakfs* (Extension of Limitation) Amendment Ordinance, 1968 (Ordinance No. 13 of 1968) promulgated by the President on 31st December, 1968",

The motion was negatived.

MR. CHAIRMAN : Let us now take up the Bill. The questson is :

> "That the Bill further to amend the Public *Wakfs*(Extension of Limitation) Act, 1959, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration".

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN : Let us now take up clause by clause consideration.

SHRI J. MOHAMED IMAM : I beg to move :

Page 1, line 8,-

for "1970" *substitute*--

"1947"

MR. CHAIRMAN : Since the Minister is not accepting it, will the hon Member be prepared to withdraw it ?

SHRI J. MOHAMED IMAM : I withdraw my amendment.

The amendment was by leave withdrawn

MR. CHAIRMAN : There is an amendment by Shri Kanwar Lal Gupta.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : As the hon. Minister has assured that he will look into the affairs of the *Wakfs* Board, I am not pressing my amendment.

MR. CHAIRMAN : I shall now put clause (2) to the vote of the House.

The question is :

"That Clause 2 stand part of the Bill".

The motion was adopted.

Clouse 2 *was added to the Bill.*

Clause 3 *was added to the Bill.*

Clause 1, *Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI M. YUNUS SALEEM : I move that the Bill be passed.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill be passed".

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN : Now the House stands adjourned till 11 A. M. on Monday.

18.43 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, March 24, 1969 Chaitra 3, 1891 (Saka)